हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

12 सांसद वरुण ने शहीदों की शहादत को किया याद



12 युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



### सरकार की पॉलिसी में एनएचएम कर्मचारियों को नियमित नहीं करने पर जताया विरोध

# सीएम आवास का घेराव करने जा रहे एनएचएम कर्मियों पर वाटर कैनन और आंसू गैस का प्रयोग

## पुलिस ने कर्मचारियों को रोकने के लिए दो जगह बेरिकेटिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कर्मचारियों ने बेरिकेट को धकेला तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया

कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे एनएचएम कर्मचारियों पर पुलिस ने वाटर कैनन व आंसू गैस का प्रयोग किया।

मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए सुबह से ही स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में प्रदेश भर के एनएचएम कर्मचारी पिपली में देवीलाल पार्क में जुटना शुरु हो गए थे। इनमें भारी संख्या में महिला कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचरियों के जुटने पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। पुलिस ने कर्मचारियों को रोकने के लिए दो जगह पर बेरिकेटिंग की।

मौके पर वज्र वाहन, वाटर कैनन वाहन सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। दोपहर 3 बजे सभी एनएचएम कर्मचारी देवीलाल पार्क से मुख्यमंत्री आवास की ओर रोष प्रदर्शन करते हुए रवाना हुए। पुलिस ने एनएचएम कर्मचारियों को जिंदल चौक से पहले ही बेरिकेट लगाकर रोक दिया। कर्मचारियों ने वही पर धरना शुरु कर दिया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही बेरिकेट लगाकर रोक दिया। लगभग आधा घंटा तक कर्मचारी वहीं पर धरना देकर डटे रहे। इसके बाद एनएचएम कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया। मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने के लिए कर्मचारी बेरिकेट को धकेलने लगे तो पुलिस ने कर्मचारियों पर वाटर कैनन व आंसू गैस का प्रयोग किया और लाठीचार्ज भी किया। कर्मचारियों में रोष इतना था कि वे बेरिकेट तोड़कर आगे बढ़ गए। इसके बाद पुलिस ने कर्मचारियों को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष बेरिकेट लगाकर रोक लिया। यहां भी कर्मचारियों पर वाटर कैनन का प्रयोग किया गया।

स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ बीएमएस महामंत्री दिनेश कुमार कौशिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कंबोज संघ ने बताया कि एनएचएम के तहत कार्यरत कर्मचारी वर्ष 1998 से लगातार अपनी सेवाएं स्वास्थ्य विभाग को प्रदान कर रहा है जो कार्य आज नियमित कर्मचारी कर रहे हैं। समान कार्य एनएचएम कर्मचारियों द्वार किया जा रहा है लेकिन वर्षों में अनेक बार सरकार द्वारा बनाई नियमित कारण पॉलिसी में एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने का कार्य नहीं किया गया है वर्ष 2011 में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली भारत सरकार के द्वारा जारी एडवाइजरी के तहत सभी एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सभी राज्यों को निर्देश दिए गए थे। जिस पर देश में सबसे पहले मणिपुर राज्य के द्वारा वर्ष 2021 में सभी एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने का कार्य किया गया है।



कुरुक्षेत्र। धरना देते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। कर्मचारियों पर वाटर कैनन का प्रयोग करते पुलिस कर्मी।

### बैठक आज

स्थिति बिगड़ती देख उपायुक्त नेहा सिंह मौके पर पहुंची और उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन प्रतिनिधिमंडल के पांच सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय चंडीगढ़ में 24 मार्च सोमवार सुबह 10 बजे मीटिंग करवाई जाएगी जिसके बाद कर्मचारी शांत हुए और प्रदर्शन को समाप्त कर दिया।

### एडवाइजरी रद करे सरकार

क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री सोहन लाल गुप्ता, प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला, प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से आग्रह करना चाहते है कि वित्त विभाग हरियाणा द्वारा एनएचएम कर्मचारियों की सेवा नियमों को रोक लगाने के संबंध में जारी एडवाइजरी को तुरंत रद किया जाए।

## खबर संक्षेप

### फोटोग्राफी क्लब के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा सोमवार को फोटोग्राफी क्लब के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया मुख्य अतिथि होंगे तथा ललित कला विभाग के डॉक्टर पवन कुमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद होंगे।

### रेलवे स्टेशन से अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** रेलवे पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर वन ए पर छापेमारी कर हनी खान नामक युवक को काले रंग के बैग के साथ पकड़ा। जब पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें से 405 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के पास इस नशीले पदार्थ को रखने का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### चर्च से अफीम के पौधे बरामद, आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर बेथल इंडियन पेंटीकोस्टल एसेंबली चर्च के बगीचे और बाथरूम के पीछे खाली जगह से 80 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में अंकित शर्मा नामक युवक को गिरफ्तार किया है। चर्च परिसर के बगीचों और बाथरूम के पीछे खाली पड़ी जगह में 80 अफीम के पौधे पाए गए, जिनका कुल वजन 5 किलो 722 ग्राम रहा। आरोपी से लाइसेंस और परमिट मांगे गए, लेकिन वह प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा।

### दिनदहाड़े महिला से पर्स और मोबाइल छीना

**अंबाला।** सुषमा रानी निवासी मोती नगर अंबाला शहर ने शिकायत दी कि बीते दिवस दोपहर वह मानव चौक की ओर जा रही थीं। बसी इलेक्ट्रॉनिक्स के पास पहुंचीं तो एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पीछे से आए और उनके हाथ में पकड़ा पर्स छीनकर भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि उनके पर्स में करीब 2,000 रुपये और मोबाइल फोन था।

### रिलायंस स्मार्ट पॉइंट से लाखों का सामान चोरी

**अंबाला।** महेश नगर स्थित रिलायंस स्मार्ट पॉइंट स्टोर से चोरों ने करीब 4.50 लाख मूल्य का किराने का सामान चोरी कर लिया। चोरी की इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। स्टोर मैनेजर सन्नी कुमार ने बताया कि बीती 19 मार्च की रात 10 बजे उन्होंने स्टोर बंद कर अपने घर चले गए थे। लेकिन अगली सुबह 20 मार्च को जब वे स्टोर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दुकान से रिफाइंड, देसी घी, चावल, सरसों का तेल और अन्य सामान चोरी हो चुका था।

### जजपा नेता रविंद्र का हत्यारोपी पकड़ा

**पानीपत।** विकास नगर में 21 मार्च की शाम जजपा नेता रविंद्र उर्फ मिन्ना की गोली मारकर हत्या और विनय व विनीत पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने 48 घंटे के दौरान रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रणबीर निवासी गांव जागसी जिला सेनीपत हाल विकास नगर के रूप में हुई। पुलिस आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

### सामाजिक न्याय मंत्री बेदी आज पानीपत में

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार सोमवार 24 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## स्कूल बस और कार भिड़ंत में मासूम की मौत, दंपति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- स्कूल बस के चालक पर लापरवाही का मामला दर्ज

गांव मनका के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत होने व मां-बाप के घायल होने का समाचार मिला है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक प्राइवेट स्कूल की बस ने अचानक ब्रेक लगाकर कार के आगे कट मार दिया जिससे कार बस के पिछले हिस्से में जा घुसी।

घायल विपिन कुमार जो पेशे से थ्री-व्हीलर चालक हैं। वह अपनी पत्नी सिमरन कौर और पुत्री हरजीत कौर के साथ कार में सवार होकर ससुराल जा रहे थे। जब वे गांव मनका के पास पहुंचे, तो आगे चल रही स्कूल बस के चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुए अचानक कट मारा और ब्रेक लगा दिए। विपिन कुमार अपनी कार को नियंत्रित नहीं कर पाए और उनकी कार बस से टकरा गई।

इस हादसे में विपिन कुमार को गर्दन, चेहरा और कंधे पर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी सिमरन कौर को सिर, चेहरा और बाजू पर गंभीर चोटें आईं। मासूम हरजीत कौर की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पानीपत के दो बिल्डरों पर 1.39 करोड़ का जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 में द न्यू सूर्या ईडब्ल्यू को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी व स्काई व्यू को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी पर हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) ने 1 करोड़ 39 लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

दोनों बिल्डरों का ब्याज समेत जुर्माना देना होगा। स्मरणीय है कि प्रत्येक बिल्डर को हरेरा में त्रैमासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजना होता है। जिसमें मुख्यतः कमाई, खर्चा व सुविधाओं का ब्योरा देना होता है। लेकिन ऐसा न किए जाने पर हरेरा ने दोनों बिल्डरों पर जुर्माना लगाया है। बता दें कि 18 अगस्त 2022 को त्रैमासिक रिपोर्ट न देने पर हरेरा ने नोटिस जारी किया था।

## सरकार सबको स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : राणा

- कृषि मंत्री ने फरकपुर में किया चिकित्सालय का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को शहर के फरकपुर में मुलखराज रामदुलारी नंदा रोटरी यमुनानगर चैरिटेबल द्वारा निर्मित आंख व दांत चिकित्सालय का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व विशिष्ट अतिथि विधायक यमुनानगर घनश्यामदास अरोड़ा मौजूद रहे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केन्द्र सरकार व हरियाणा सरकार सभी को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जब प्राइवेट सस्थाएं भी इस कार्य में सहयोग करती हैं तो सामाजिक कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने अस्पताल के लिए भूमि प्रदान करने के लिए अश्वनी नन्दा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों से सभी को सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। ताकि जरूरतमंदों की सहायता की जा सके। सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित है। पब्लिक के इस प्रकार के सहयोग से इस मुहिम को और गति मिल सकेगी।



यमुनानगर। फरकपुर में आंख व दांत चिकित्सालय का शिलान्यास करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### समाज को महत्व दें

मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि धर्म के मर्म को जानकर समाज को महत्व देना है और सामाजिक कार्यों को महत्व देना है। हम सभी को मिलकर समाज को प्रगति प्रदान करनी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मेयर मदन चौहान, रामनिवास गर्ग आदि मौजूद रहे।

समर्थ तबके के लोग गरीबों की मदद करके, रोगी का इलाज करवा कर, गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करके और दिव्यांगों को आर्टिफिशियल अंग प्रदान करके अपना योगदान दे सकते हैं।

## महिला ने युवक से ठगे 6.19 लाख रुपये

- युवक के फेसबुक अकाउंट पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर झांसे में लिया
- फार्मा कंपनी की मैनेजर बनकर पाउडर खरीदने के नाम पर लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला ने खुद को यूके की आइकॉन ग्रुप फार्माक्यूटिकल लिमिटेड कंपनी का मैनेजर बनकर रूपनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी करण बाली से छह लाख 19 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी महिला ने करण बाली को कंपनी के लिए नकिम पाउडर खरीदने की बात कही थी।

आरोपी महिला ने युवक के फेसबुक अकाउंट पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर अपने झांसे में लिया। रूप नगर कॉलोनी जगाधरी निवासी करण बाली ने बताया कि पांच मार्च को उसकी फेसबुक प्रोफाइल पर एक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उसने महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट अस्पेक्ट कर ली। महिला ने उसे बताया कि वह यूके में रहती है और आइकॉन ग्रुप फार्माक्यूटिकल लिमिटेड कंपनी की मैनेजर है। वह हर साल भारत से आयुर्वेदिक प्रोडक्ट खरीदनी है। उनकी कंपनी साल में एक बार दिल्ली आती है और दवाईयों में प्रयोग होने वाले 100 से 150 किलो नकिम पाउडर खरीदती है। उसने कहा कि अगर वह प्रॉफिट कमाना चाहता है तो वह उनसे जुड़ सकता है। उसने महिला पर विश्वास करके उसे हां कर दी। इसके बाद महिला ने उसे शर्मा सिंह इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 500 ग्राम नकिम पाउडर खरीदने के लिए कहा। जिसके प्रॉफिट में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी उसकी तथा 60 प्रतिशत हिस्सेदारी महिला की थी। नकिम पाउडर के आधे पैसे उसे व आधे पैसे महिला को देने थे। उसने आरोपी महिला द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया आरोपी व्यक्ति ने 500 ग्राम नकिम पाउडर की कीमत एक लाख 76 हजार रुपये बताई। महिला ने 89 हजार रुपये कंपनी के खाते में भेजने का स्क्रीनशॉट उसे दिखाया। इसके बाद उसने भी 89 हजार रुपये व्यक्ति के अकाउंट में डाल दिए।

### पार्सल में मिला बुरादा

उसके पास 4 अप्रैल को कंपनी की ईमेल आई। जिसमें 500 ग्राम नकिम पाउडर की जगह एक किलो नकिम पाउडर खरीदने की बात लिखी गई थी। इस प्रकार आरोपियों ने उसे बातों में उलझा कर 10 किलो नकिम पाउडर खरीदने के लिए कहा। उसने आरोपियों द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में छह लाख 19 हजार रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद वह उसके द्वारा दिए गए पार्सल एड्रेस पर पार्सल आया, जिसमें बुरादा टाइप का मैटीरियल था।

## किशोर पर युवती के साथ यौन शोषण का केस दर्ज

**पानीपत।** मतलौडा थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने गांव में रहने वाले नाबालिग पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। युवती ने बताया है कि उसके पड़ोस में रहने वाला किशोर उसे बहला-फुसलाकर मंडी गोविंदपुरा पंजाब ले गया, जहां उसने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ रेप किया। युवती ने बताया कि वह पिछले एक साल से उसके साथ जबरदस्ती कर रहा है।

- नशीला पदार्थ खिलाकर किया था रेप, अश्लील वीडियो बनाया

उसने उसकी कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लीं, जिन्हें दिखाकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। युवक उसे बार-बार धमकी देता रहा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसकी फोटो और वीडियो सार्वजनिक कर देगा। मामले को लेकर पीड़ित का परिवार, पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा। एसपी ने मामले की जांच डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स को सौंपी। वहीं, वत्स ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पहले भी एक मुकदमा लड़की वालों की तरफ से थाना मतलौडा थाने में दर्ज है।

## ट्रैक्टर पलटने से नीचे दबकर चालक की मौत

- प्रतापनगर-व्यासपुर रोड पर गांव तिम्हो के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रतापनगर-व्यासपुर रोड पर गांव तिम्हो के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खेतों में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव खैरी निवासी इरफान ने बताया कि उसका भाई 29 वर्षीय शहजाद ट्रैक्टर-ट्राली चलाता था। शनिवार को उसका भाई ट्रैक्टर-ट्राली लेकर गांव लेदी की तरफ गया था। जब वह वापस घर लौट रहा था तो गांव तिम्हो के पास उसके भाई का ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खेतों में पलट गया। हादसे में उसका भाई ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की सहायता से चालक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला और उसे सीएचसी प्रतापनगर में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर कार्यक्रम

# शहीदों की बदौलत हम आज़ादी की सांस ले रहे : राज्यपाल

- गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने रक्तदान के अभियान को सच्ची श्रद्धांजलि बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे आज़ादी के दीवानों की कुर्बानियों की बदोलत हम आज़ादी की साँस ले रहे हैं। ये उद्गार गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने व्यक्त किए।

वे सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा आयोजित कार्यक्रम, "वंदे मातरम्" में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 94वे शहादत दिवस पर आयोजित देश भक्ति के गीतों से ओत प्रोत आयोजन में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए आचार्य देवव्रत ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदानी इतिहास से अनेक घटनाएँ सुनाई और देश भर में रक्त दान के अभियान को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह की तीन पीढ़ियाँ देश को समर्पित रही हैं। फाँसी के फंदे पर झूलने से पहले जब उनका वजन किया गया तो वो पहले से ज़्यादा मिला। उन्होंने शहीदों की याद में आज के कार्यक्रम में शामिल तेज़ी संधु के स्वर्गीय पति व शहीद भगत सिंह के भतीजे अभय सिंह संधु द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों का जिक्र भी किया। देश भर में जीरो बज़ट नेचुरल फार्मिंग को मिशन बनाकर चल रहे आचार्य देवव्रत ने ज़हर मुक्त खेती को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया और ऐसे कई उदाहरण दिए जहाँ छोटी छोटी उम्र के बच्चे दिल की बीमारी से मर रहे हैं। और कैंसर के मरीजों में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। उन्होंने इन बीमारियों से बचने के लिए प्राकृतिक खेती की और आने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी संस्था के कला व संस्कृति प्रभाग की प्रमुख चंद्रिका दीदी ने भी दूसरों के काम आने की सोच के साथ रक्त दान के कार्य को पवित्र कार्य बताया और निफा के संवेदना अभियान की प्रशंसा की। इस मौके पर राज्यपाल ने आर्य समाज, निफा सहित अनेक संस्थाओं के संरक्षक डॉ लाजपत राय चौधरी को जीवन पर्यंत किए गए सामाजिक कार्यों के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।



### संधू की याद में अवार्ड

आज के आयोजन में शहीद भगत सिंह के भतीजे अभय सिंह संधू की याद में इस वर्ष से एक अवार्ड शुरू करने की घोषणा की जो हर वर्ष 23 मार्च को समाज सेवा के क्षेत्र में दिया जाएगा। पहला स्वर्गीय सरदार अभय सिंह संधु यादगारी अवार्ड करनाल मानव सेवा संघ के माध्यम से विगत 60 से अधिक वर्षों से समाज सेवा कर रहे स्वामी प्रेम मूर्ति को प्रदान किया गया। उन्हें यह अवार्ड राज्यपाल आचार्य देव व्रत ने स्वर्गीय अभय संधु की पत्नी तेजी संधु की उपस्थिति में अपने हाथों से प्रदान किया।

## युवक को 34 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया

**यमुनानगर।** एंटी नारेकोटिक सेल की टीम ने थाना छप्पर क्षेत्र के गांव ऊंचा चंदना से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 34 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एसआई ऋषिपाल ने बताया कि उसकी टीम को सूचना मिली थी कि गांव ऊंचा चंदना के पास एक युवक सूचना मिलते ही उसने टीम का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान गांव ऊंचा चंदना निवासी सुखविंद्र सिंह उर्फ सुक्खु के रूप में हुई।

## खबर संक्षेप

### उत्तम शिक्षा देना ही गुरुकुल का लक्ष्य

**कुरुक्षेत्र।** बच्चों को उत्तम शिक्षा के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य और वैदिक संस्कारों से पोषित करना गुरुकुलीय शिक्षा के मुख्य उद्देश्य हैं और गुरुकुल कुरुक्षेत्र सहित गुरुकुल नीलोखेड़ी, गुरुकुल ज्योतिसर और आर्यकुलम नीलोखेड़ी में छात्रों के जीवन-निर्माण हेतु इन्हीं बिन्दुओं पर कार्य किया रहा है। उक्त शब्द आज गुरुकुल शिक्षा उत्सव में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा देने आए छात्रों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे। आचार्यश्री ने बताया कि हमारे गुरुकुलों में एक निर्धारित दिनचर्या के तहत बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और अन्य कार्यों हेतु पर्याप्त समय दिया जाता है। गुरुकुलों में एनडीए, आईआईटी, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की पूरी व्यवस्था है।

### शहीदी दिवस पर हुए कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डा. वीरेंद्र पाल सहित अन्य अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आजादी के आंदोलन में शहीदों ने जिस तरह से अपना बलिदान दिया, इस देश की आने वाली पीढ़िया उनकी शहादत को हमेशा याद रखेंगी। आज हमें भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव व तमाम् शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। भारत देश इन महान सपूतों का हमेशा ऋणी रहेगा। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. विवेक चावला, डा. सलोनी दीवान, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. कुसुम लता, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. हरविंदर सिंह लोंगोवाल, डॉ. कुलदीप आर्य सहित शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### भीष्म कुड गंगा तीर्थ के महंत बने जयनारायण

**कुरुक्षेत्र।** गांव नरकातारी में स्थित भीष्म कुंड बाण गंगा तीर्थ मंदिर में ब्राह्मलीन पूज्य महंत रामदास जी की पुण्यतिथि 22 मार्च को मंदिर परिसर में हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा महंत जय नारायण दास महाराज को सर्व संत समाज एवं समस्त ग्रामवासियों की सहमति से नया महंत घोषित किया गया। इस उपलक्ष्य में आज महंत जय नारायण दास को पूरी विधि विधान के साथ चादर की रस्म अदा की गयी। इस चादर विधि में सर्व संत समाज एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। संत समाज की तरफ से षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, सचिव महंत सुनील दास, महंत स्नेह दास आदि मौजूद रहे।

## बिहार दिवस पर अनमोल गार्डन में हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# बिहार की शिक्षा प्रणाली देश की सबसे सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली है : विधायक

**मुख्य अतिथि के तौर पर एम एल सी घनश्याम ठाकुर, विधायक अनिल राम एवं आनंद पाठक मौजूद रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




बिहार दिवस के अवसर पर अनमोल गार्डन करनाल में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एम एल सी घनश्याम ठाकुर, विधायक अनिल राम एवं आनंद पाठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मौजूद कार्यक्रम में इंद्री विधायक एवं हरियाणा विधानसभा चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता,करनाल विधायक जगमोहन आनंद,असंध विधायक योगेन्द्र राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर,मेयर रेणु बाला गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद बिहार विधानसभा के विधायक अनिल राम ने बिहार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि अब बिहार पहले वाला बिहार नही रहा अब बिहार विकसित राज्य की और बढ़ने लगा है। देश में मोदी के शासनकाल में सड़कों की स्थिति में बहुत बदलाव आ गया है, बिहार की शिक्षा प्रणाली देश की सबसे सर्वोत्तम हैं और बिहार में रोजगार के अवसर भी बहुत हैं। इस मौके पर उन्होंने करनाल के सांसद एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बिहार के लोगों के लिए हरियाणा में छटघाट, मंदिर व धर्मशालाओं का निर्माण करवाया जिसके लिए बिहार मूल के लोग उनका धन्यवाद करते हैं। विधानसभा अनिल राम ने मौके पर मौजूद बिहार के लोगों को निकट भविष्य में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में बिहार आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि इस बार का छटपर्व के अवसर पर सभी बिहार निवासी बिहार आकर मनायेंगे और उस दौरान होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के एनडीए के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करेंगे। इस मौके पर बिहार दिवस की प्रदेश संयोजक एवं हरियाणा भाजपा की महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बिहार दिवस की बधाई देते हुए बिहार मूल के लोगों की हरियाणा के विकास में योगदान देने के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार मूल के लोगों का हरियाणा में खेती एवं उद्योग के कामों में महत्वपूर्ण योगदान है और इसी तरह पानीपत जो की हेंडलूम का हब है उसमें भी हरियाणा के बाहर से आये लोगों का काफी सहयोग रहा है। कार्यक्रम में असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने भी अपने सम्बोधन में बिहार मूल के लोगों का हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर पार्षद एवं कार्यक्रम सहसंयोजक सुधीर यादव पार्षद वार्ड 20, जिला संयोजक भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ सहसंयोजक जितेंद्र कुमार दिलीप कुमार कृष्ण कुमार रविवत्स रोहित यादव सुधीर ठाकुर संजीव कुशवाहा संजय कुमार मनोज ठेकेदार रामप्रीत प्रसाद रामप्रवेश महतो सतीश शाह सुरेश यादव शत्रुघ्न राय अरविंद यादव अजय कुमार डॉ महेश इत्यादि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।*



## 12 गांवों को कचरा प्रबंधन के लिए भेंट की गाड़ियां

■ **प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने में देश के सभी नागरिक करें सहयोग : प्रदीप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका अदा करनी होगी। इसी कड़ी में करनाल के चिड़ाव गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 गांवों को कचरा प्रबंधन के लिए गाडियां भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के चीफ जनरल मैनेजर रविकांत आर्य, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, इंपीरियल सर्विस डेवलपमेंट सोसाइटी से गिरीश जी ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक क्रिकेट खिलाड़ी सुमित नरवाल रहे। इस मौके पर प्रदीप नरवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को पूरा करने के लिए देशवासियों को हर संभव प्रयास करने चाहिएं। पहली शुरूआत हमें अपने घर, परिवार, समाज और गांव से करनी चाहिए। मान्यता भी है कि जहां स्वच्छता वहां ईश्वर का वास होता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए बेसिक बातों का ध्यान रखें। यह प्रयास करें कि कूड़ा कभी खुले में न फेंके। सरकार की ओर से चलाई जा रही गाडिय़ों में ही कूड़ा डालें। रविकांत आर्य ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन कई वर्षों सें चल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सुमित नरवाल ने कहा कि जिन 12 गांवों को आज गाडिय़ां भेंट की गई हैं उनके सरपंचों से उम्मीद करते हैं कि वह इस सुविधा का सदुपयोग करवाएंगे। सभी गांवों को कचरा मुक्त करने के लिए प्रयास करने होंगे। यहां वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, जिला पार्षद सुनील सिन्दड़, एडवोकेट अरविंद नीटू मान, अरडाना के सरपंच जयभगवान राणा, फफड़ाना सरपंच सचिन, सरपंच जयवीर फौजी आदिद रहे।

## शहीदी दिवस पर लोगों ने लिया देश भक्ति का संकल्प

## शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर की फूल मालाएं अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, सर्व कर्मचारी सघं हरियाणा के प्रधान सुशील गुर्जर, रिटायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मास्टर बलराज व सचिव ओमप्रकाश सिहमार की अध्यक्षता में कर्ण पार्क में जनसभा की गई। संचालन जिला सचिव जगपाल राणा ने किया। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल मालाएं अर्पित की गई। मुख्य वक्ता उधम सिह राठी ने कहा कि आज हम सबको शहीदो के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत है। आज के दौर में अमीर और अमीर होता जा रहा है ओर गरीब और गरीब होता जा रहा है। अमीर, गरीब के बीच आर्थिक तौर पर खाई गहरी होती जा रही है। शहीदों का सपना था कि आजाद भारत में समाजवाद हो ओर कोई भी आदमी भूखा न मरे। किसान आत्म हत्याएं कर रहे हैं। इस अवसर पर लाभ सिह आर्य, धीरज रावत, कृपाल सिंह, बलराज, सतपाल सैनी, जगपाल राणा, सीमा, कांता, लाजवंती, जरासो, पार्वती तनेजा, जगमाल सिंह, शीशपाल, कृष्ण लाल, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, डा. बलवान सिंह व सुरेंदर ने अपने विचार रखे।

### विधि संस्थान के वार्षिकोत्सव का समापन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय लॉ फेस्ट ज्यूरिस फिएस्टा 2025 कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ के माननीय न्यायाधीश संदीप मौदगिल ने न्यायिक प्रणाली के संदर्भ में विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किया। उन्होंने अपने न्यायिक जीवन व वकालत के अनुभव न्यायालय में दायर जमानत याचिकाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व नशा और नशीली दवाइयां इस देश में सामान्य इंसान के भविष्य में कैसे विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। शराब और/या अन्य नशीली दवाओं का दुरुपयोग व्यक्तिगत और शैक्षणिक सफलता के लिए एक बड़ी बाधा हो सकती है।

## शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर बनाए मजबूत देश

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शहीदी दिवस के अवसर पर हिंदी एंटी क्राइम आर्गेनाइजेशन की ओर से सभा का आयोजन कर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता आर्गेनाइजेशन के प्रधान अधिवक्ता सुरेश खन्ना ने की। संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और गणमान्य लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सभी वक्ताओं ने कहा कि आज हम जो आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह सब शहीदों बलिदानियों की देन है। देश को आजाद करवाने में वीर बलिदानियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। अंग्रेजों को देश छोडऩे के लिए मजबूर कर दिया। प्रधान सुरेश खन्ना ने कहा कि देश की आजादी को संजोए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। देश प्रेम की भावना भारत के हर नागरिक में होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें। भारत माता के प्रति अपने फर्ज निभाएं। एसएम कुमार ने कहा कि युवा अगर अपनी शक्तियों का सदुपयोग करें तो समाज हमेशा तरक्की करता है। ईश्वर कांबोज ने कहा कि अपने बच्चों में अच्छे संस्कार भरें। नरेंद्र चौधरी और एसएम कुमार ने शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। किरण खन्ना और संगीता मेहता ने देश की आजादी में महिलाओं के योगदान का विस्तार से जिक्र किया।

## ऑक्सफोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट ने पकड़ी मजबूती

■ **कई नए परीक्षा केंद्रों की हुई शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑक्सफोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट एक डिजिटल भाषा मूल्यांकन प्लेटफॉर्म है, जो अब भारत में अपने ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल टेस्ट सेंटर नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। जिससे अब अधिक छात्र एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में अंग्रेज़ी भाषा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परीक्षा दे सकेंगे। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल तीन घंटे की संरचित परीक्षा है, जो अधिकृत केंद्रों पर ऑनलाइन आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी और कम से कम व्यवधान सुनिश्चित किया जाता है, जिससे परीक्षार्थियों को सुगम अनुभव प्राप्त होता है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आदर्श है, जिन्हें निगरानी वाली व्यवस्था पसंद है, जबकि जो पूरी तरह से ऑनलाइन परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल विकल्प मौजूद है। ओआईडीआई साउथ एशिया के क्षेत्रीय निदेशक रत्नेश मिश्रा ने कहा, /"भारत में छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अंग्रेजी भाषा परीक्षा तक सुलभता प्रदान करना हमारे लिए एक प्राथमिकता है।

## टीबी के मरीजों को पोषण के साथ भावनात्मक समर्थन व प्यार की जरूरत : अनीश गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड ने टी.बी. पीड़ित मरीजों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। संस्था टी.बी. से पीड़ित 10 मरीजों को गोद लेगी। शुरूआती चरण में 10 टी.बी. मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की गई। इस मौके पर संस्था के मीडिया कोर्डिनेटर जेसी अनीश गुप्ता ने कहा कि टी.बी. से जूझ रहे लोगों को न केवल चिकित्सा सहायता बल्कि भावनात्मक समर्थन और बेहतर पोषण की जरूरत भी होती है। संस्था के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल ने कहा कि इस नेक कार्य की शुरूआत कर दी गई है। पोषण पोटली से टी.बी. रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। वह स्वस्थ होकर समाज में फिर से सक्रिय हो सकेंगे। इस पुण्य कार्य में जेसी गौरव मित्तल, जेसी विकास गर्ग और जेसी सुनील मलिक ने विशेष सहयोग किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया के नेशनल वाइस प्रेजिडेंट जेएफएस अशोक भाट व जोन अध्यक्ष जेएफएस राहुल सिंगला ने शिरकत की। अशोक भाट ने कहा कि टी.बी. मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर व्यक्ति को इस अभियान में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर अजीत बंसल, जेसी नीरज अग्रवाल, जेसी अंकुश गोयल, जेसी राजीव पंवार, जेसी अश्वनी जोशी, जेसी हरीश अग्रवाल, जेसी राहुल गर्ग, जेसी मुनीश बंसल समेत जेसी विकेश ढीगड़ा मौजूद रहे।



### शिव स्तुति एवं श्री सुंदरकांड का पाठ किया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में रविवार के शिव स्तुति एवं श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। पंडित हरीश आचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवाई। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को पंचामृत स्नान दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से करवाया। इसके बाद फूलों से भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। भजनों की गंगा में वीणा सेठ ने मेरे भोले बाबा मुझको देना सहारा कहीं छूट न जाए दामन तुम्हारा, तू मेरी कश्ती तू ही मेरा किनारा भजन गाया। अनु खट्टर ने मेरा हाथ पकड़ लो भोले जी दुनिया में हमारा कोई नहीं तुमसे ना कहें तो किससे कहें कोई भी हमारी सुनता नहीं भजन गाया। सुशील मदान ने तुमसे जगत में उजाला भजन गाया। सुनीता कथुरिया ने वह कैलाश मेरा दिल ले गया जाते-जाते हमें आशीष दे गया मुझको अटल सुहाग दे गया वह कैलाश मेरा दिल ले गया भजन गाया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रधान रविंद्र तनेजा ने बताया कि श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में 29 मार्च से 6 अप्रैल तक श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्री राधे श्याम द्विवेदी व्यास पीठ कथा सुनाएंगे। रहेंगे। चार अप्रैल को गद्दी नशीन महाराज श्री खुशहाल दास जी स्वयं आकर आशीर्वाद देंगे।

## हरियाणा के ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर 4 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में सीएम कार्यालय का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर चार अप्रैल को कुरुक्षेत्र में सीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। पब्लिक हैल्थ ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन (संबंधित राष्ट्रीय कामगार संघ) के बैनर तले टयूबवैल ऑपरेटर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। रविवार को करनाल के फव्वारा पार्क में संगठन की मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कामगार संघ के महामंत्री जंग बहादुर यादव ने की। इंद्री ब्लॉक प्रधान रामबीर और चिड़ाव ब्लॉक प्रधान सुभाष ने विशेष रूप से कर्मचारियों को संबोधित किया। इस मौके पर जंग बहादुर यादव ने कहा कि जल कर्मियों को दो भागों में बांट दिया गया है। एक का मानदेय केवल 11 हजार 691 रुपए मासिक है जबकि दूसरे ऑपरेटरों को कौशल का नाम देकर जन स्वास्थ्य विभाग के अधीन करके 18 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कई बार टयूबवैल ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान करने का वादा किया गया, लेकिन कभी कोई ठोस कदम सरकार ने नहीं उठाया। प्रदेश के ग्रामीण टयूयबवैल ऑपरेटर चार अप्रैल को सीएम कार्यालय का घेराव करके अपना गुस्सा जाहिर करेंगे। इस दिन ऑपरेटर देवीलाल पार्क पीपली में इक्टठा होंगे और यहां से प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ेंगे।

**प्रदर्शन में ये रहेगी प्रमुख मांगे**

पब्लिक हैल्थ ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन का कहना है कि आपरेटरों को पंचायत विभाग में रखा जाए तो वेतन कौशल कर्मचारी के बराबर दिया जाए। आठ घंटे डयूटी केवल टयूबवैल पर ली जाए। ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटरों को जन स्वास्थ्य विभाग से जोड़ा जाए। वर्ष 2020 से लेकर 2024 तक का रुका हुआ एरियर दिया जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कामगार संघ के उपप्रधान जसबीर सिंह, रामबीर, रविंद्र, सुशील, जसपाल, वीरेंद्र, प्रमोद, कृष्ण व सुभाष आदि मौजूद रहे।

**पिछले 25 वर्षों से रमेश जिंदल की अगुवाई में हो रहा सम्मेलन**

# अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 100 परिवारों ने रिश्ता तय करने की ओर बढ़ाए कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रविवार को अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में अग्रवाल युवा संगठन की ओर से 25वें अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम संगठन के प्रधान रमेश जिंदल की देखरेख में हुआ। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 650 लोगों ने ऑफलाइन तथा एक हजार परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। खास बात यह रही कि सम्मेलन में लगभग 100 परिवारों ने आपस में बातचीत के बाद रिश्ते को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की। विवाह में फिजूल खर्ची को रोकने के उद्देश्य और युवक-युवतियों को अच्छा जीवन साथी चुनने के लिए 25 वर्ष पहले इस सम्मेलन की शुरूआत की गई थी। इसके सार्थक परिणाम अब सबके सामने हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लिबर्टी ग्रुप के एमडी शम्मी बंसल ने शिरकत की। कार्यक्रम अध्यक्ष अग्रोहा धाम एवं प्रांतीय अध्यक्ष व्यापार मंडल बजरंग दास गर्ग रहे। स्वागत अध्यक्ष की भूमिका मेयर रेणु बाला गुप्ता ने अदा की। अतिथिगणों ने अग्रवाल युवा संगठन की पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में सभी युवक युवतियों के बायोडाटा प्रकाशित किए गए हैं।

इस मौके पर शम्मी बंसल ने कहा कि अग्रवाल समाज के युवाओं को अपना जीवन साथी चुनने के लिए इससे अच्छा मंच नहीं मिल सकता। अपने परिवार के साथ आए युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया, जोकि समाज के लिए अच्छी बात है और युवाओं की सोच सबके सामने आती है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि समय की मांग है कि हम अपने बेटे बेटियों को धन कमाने की प्रेरणा देने से पहले उनमें अच्छे संस्कार भरें। युवाओं के विचार अच्छे होंगे तभी वह अपने वैवाहिक जीवन की जिम्मेदारी निभा सकेंगे। अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल ने सम्मेलन की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। अतिथिगणों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रधान रमेश जिंदल, भूषण गोयल, अरूण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अशोक गोयल, प्रदीप अग्रवाल, आशीष मंगल, कुलदीप गुप्ता, प्रवीण गर्ग, विनय सिंगला आदि रहे।

**समाजसेवियों ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा**

कार्यक्रम में वीरेंद्र बंसल, रमेश गुप्ता, विजय गोयल, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज गोयल, तरूण बंसल, प्रमोद बंसल, राजेश कुमार, संजय झ्षजंदल, जितेंद्र सिंगला, प्रदीप अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, संदीप गुप्ता, अमित गर्ग, दिनेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, आरएल बंसल, प्रदीप गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, राजकुमार गोयल, संजय गुप्ता, पीके जैन, दीवान लवलेश गुप्ता, विजय गोयल, राजकुमार तायल, पवन अग्रवाल व रमेश सिंगला ने विशेष रूप से शिरकत की।

## खबर संक्षेप

### संत समागम का शुभारंभ हुआ

**पानीपत।** श्री संत द्वारा हरि मन्दिर सेठी चौक के प्रांगण में नव विक्रमी सम्वत 2082 के उपलक्ष्य पर स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज मुरथल वाले की अध्यक्षता में संत समागम का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर तुषार गुलियानी, चिराग पुनियानी, रमेश चुघ, हरनाम चुघ, किशोर रामदेव, दर्शन रामदेव, पवन चुघ, उत्तम आहूजा, ईश्वर लाल रामदेव, कर्म सिंह रामदेव, शाम सपड़ा, गोल्डी बांगा, सौरभ कत्याल, हरनारायण जुनेजा, सोनू खुराना, मिक्की जुनेजा, अमर वधवा, ओमी चुघ, अमरजीत सपड़ा, प्रवेश रेवड़ी मोहन रामदेव, गोपी मेंहदीरत्ता, गुलशन नन्दवानी व जगदीश चुघ आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों ने दिल्ली भ्रमण किया

**पानीपत।** पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल जलालपुर प्रथम के विद्यार्थियों की एक्सपोर विजिट कराई गई। इस अनुभव यात्रा में स्कूली बच्चों ने नेशनल साइंस सेंटर, प्रधानमंत्री संग्रहालय, इंडिया गेट और विश्व फेमस अमृत गार्डन का भ्रमण किया। सभी विद्यार्थियों ने साइंस के बहुत से उपकरण देखें और उनके बारे में जानकारी ली। भ्रमण में प्रधानाचार्य विनोद रावल, जय भगवान, ज्ञानेंद्र, विजय पाल, राजेश मलिक, नीलम, सविता, सविता संस्कृत, मोनिका, विकास व रिंकू आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर में 350 का स्वास्थ्य जांचा

**इसराना।** आयुष विभाग द्वारा शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा इसराना साहिब इसराना में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर में 350 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा और और दवाई दी। इस अवसर पर बाबा राजिंद्र, जगबीर सिंह जिला पार्षद, डॉ. संजय राजपाल जिला आयुर्वेद अधिकारी, डीपीएम महिपाल बंसल, आयुर्वेदिक ओपीडी डा.जसबीर, डा.पूजा, डा.नितिन रॉय व आयुर्वेदिक औषधी वितरण का कार्य शिशकांत, राजेश व गीता आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट ने किया। योग की सूक्ष्म क्रियाएं व योग की जानकारी बहादुर सिंह, शीतल व सुमन योग सहायक ने दी।

### रेनु कादियान ने शहीदों को नमन किया

**पानीपत।** भगत सिंह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनु कादियान ने शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जो हमें अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देते हैं। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि देश के युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए और समाज को सही दिशा में आगे ले जाना चाहिए।

### स्कूल में शहीदी दिवस मनाया

**समालखा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को भावभीनी श्रद्धंजलि दी गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ.अजित भारद्वाज ने मेधावी विद्यार्थी मनन, युवान, दैविक, गुनव, अन्वी, कार्तिक, हिमांशु, कार्तिक, अनुज, नम्या, सुहान, दक्ष, काव्या, केशव, अनिरुद्ध, निओनिका, गुरवी, मान्या, मानवी व गौरव को पुरस्कृत किया।

### युवक को चाकू मार कर किया घायल

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप में प्रॉपर्टी एडवाइजरी विनय पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनय को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसक हालत चिंताजनक बनी हुई है। इधर, थाना तहसील कैंप पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सरसों की आवक तेज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि पानीपत जिला की मंडियो में सरसों की खरीद का कार्य पूरी व्यवस्था के तहत किया जा रहा है कहीं भी बारदाने की कमी नहीं है। वहीं, मंडियों में 3082.5 क्विंटल की कुल आवक हुई है जबकि 21 52.4 क्विंटल की खरीद हुई है।

---

‘विकसित भारत युवा संसद 2025’ का सारगर्भित और मंथनपूर्ण समापन

# युवा संसद एक राष्ट्र एक विचार समन्वय के लिए प्रभावशाली मंच है: डॉ. अनीता

- ‘एक राष्ट्र एक चुनाव होने से चुनावी खर्च कम होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। एसडी कॉलेज में शहीदों को नमन करते हुए प्रदेश भर से आए शिक्षाविद्। फोटो: हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय ‘विकसित भारत युवा संसद 2025’ का सारगर्भित और मंथनपूर्ण समापन हो गया जिसमें भाग लेने वाले पानीपत और सोनीपत के 150 प्रतिभागियों में से लगभग सभी ने ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ के समर्थन में अपने विचार रखे और इसे विकसित भारत की नींव बताया। इधर, मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया। युवा संसद में पानीपत और सोनीपत जिले के 18 से 25 वर्ष की आयु के 150 प्रतिभागीयों ने अपने विचार रखे जिनमें से 10 टॉप प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चुना गया है। पानीपत की सुषमा ने पहला, सोनीपत की रिया ने दूसरा और पानीपत के राकेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सोनीपत से साक्षी आर्य, सिमरन मोर, कीर्ति एवं भव्या और पानीपत से दिव्या, सौरभ एवं शिवानी ने राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। ये सभी 10 प्रतिभागी 31 मार्च को हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय ‘युवा संसद’ का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को याद किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नरेश ढांडा राजनीति शास्त्र में एसोसिएट प्रोफेसर देश बन्धु राजकीय कॉलेज ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव अपने आप में एक तर्कसंगत और बुद्धित्तापूर्ण पहल है। डॉ अशोक अत्री एसोसिएट प्रोफेसर आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने कहा कि ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ होने से मतदाता अधिक जागरूक होंगे। डॉ. वीरेंद्र सोनी वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के एक साथ होने से राष्ट्र के विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि ‘एक राष्ट्र एक चुनाव होने से चुनावी खर्च कम होगा।

**ये मौजूद रहे**

इधर, दो दिवसीय युवा संसद के सफल आयोजन में डॉ. वीरेंद्र गिल, प्रो. पूजा धींगडा, प्रो. शिल्पा ठाकुर, प्रो. एकता डूरेजा, प्रो. मीतू सैनी, प्रो किरण मलिक, प्रो. मानवी, प्रो मधु गुप्ता, प्रो. विशाल गर्ग, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. आशीष गर्ग, प्रो. डेनसन डी पॉल, जान्हवी गर्ग, डॉ. एसके वर्मा, दीपक मित्तल आदि का सहयोग रहा ।

---

*शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया*

# देश को समाजवाद के रास्ते पर ले जाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए थिएटर आर्ट ग्रुप के अभिनेतागण। फोटो: हरिभूमि

आवामी एकता मंच हरियाणा द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर देसराज कॉलोनी, पानीपत के देवी मंदिर स्कूल में शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट से प्रोफेसर अशोक चौहान ने बताया कि आज देश के हालत जैसे बन गए है इसे में ये जरूरी है कि देश के युवाओं को शहीद भगत सिंह की विचारधारा के साथ जोड़ा जाएं और उन्हें शहीदों के असली संघर्षों से अवगत करवाया जाए। आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने भी बताया कि अगर हमें अपने देश को सही मायने में धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक बनाना है तो देश को समाजवाद के रास्ते पर ले जाने की जरूरत हैं। वहीं, शहीदों ने मजदूर और किसान के राज का सपना देखा था लेकिन आज मौजूदा सरकारें जाति धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा रही है। जबकि शहीदों ने लोगों से एकजुट होकर साम्राज्यवाद से लड़ने का आह्वान किया था लेकिन आज नफरती ताकतें समाज को आपस में बांटकर लड़ाने का काम कर रही हैं।

**शहीदों की याद में कार्यक्रम पेश किया**

इस अवसर पर आवामी एकता मंच हरियाणा के संयोजक संजय कुमार, सुनील शर्मा, राम मोहन राय, हिंद मजदूर सभा उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र शर्मा, अजय कुमार, जयगोपाल वधवा, दलित अधिकार मंच से सतपाल सिंह, प्रिंसिपल विनोद सिंगला, बाल विकास स्कूल, अर्जुन नगर के डायरेक्टर सतीश शर्मा ने संबोधन किया। जबकि थिएटर आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा शहीदों की याद में कार्यक्रम पेश किया। वहीं, कुरुक्षेत्र के इस्माईलाबाद से सांस्कृतिक जागृति मंच से सुभाष ने क्रांतिकारी रागिनी से समा बांध दिया।

## न्यू टाउनशिप क्लब के चुनाव में ठकराल गुट हावी

**पानीपत।** पानीपत न्यू टाउनशिप क्लब का चुनाव सोमवार को होने जा रहा है। इस बार के चुनाव में भी राजनीति की महक साफ नजर आ रही है। पवन ठकराल व संजीव गुलाटी में कांटे की टक्कर मानी जा रही है। बता दें की पवन ठकराल पिछले काफी सालों से न्यू टाउनशिप क्लब में जुड़े हुए हैं व ओरिएंटल इंश्योरेंस में ऑफिसर के पद पर कार्य कर रहे हैं। पवन ठकराल की छवि साफ सुथरी व मजबूत मानी जा रही है। क्लब के सदस्य रमेश पपरेजा,अनिल मल्होत्रा व अन्य कई सदस्यों का कहना था कि पवन ठकराल ईमानदार व स्वच्छ छवि के इंसान है व हमेशा ही हर किसी के सुख दुःख में काम आते हैं। जबकि संजीव गुलाटी एक एक्सपोर्टर हैं और कुछ राजनीतिक लोगों का आशीर्वाद भी प्राप्त है। वहीं दूसरी तरफ सुधीर छाबड़ा व अजय मलिक उप प्रधान, विशाल मल्होत्रा व धीरज मिगलानी फाइनेंशियल सेक्रेटरी व विनोद मनुजा व दर्शन ढींगरा जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए आमने सामने की लड़ाई रहे हैं।

---

## आम आदमी पार्टी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी



पानीपत। शहीदों की याद में देश भक्ति के गीत गाते हुए आप के नेतागण। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शहीदी दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी का अनमोल तोहफा दिया। अब हमारा कर्तव्य है कि हम शहीदों के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें। आज के समय में हमें भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रखनी होगी, तभी हम उनके सपनों का भारत बना पाएंगे। वहीं, आप जिला अध्यक्ष जसवीर जस्सा ने कहा कि शहीदी दिवस हमारे लिए एक प्रेरणा का दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि आजादी और न्याय के लिए कितने बड़े बलिदान दिए गए हैं। आप ने शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर आप नेता प्रीतपाल, अजय सिंगला, योगेश कौशिक, राहुल पहाड़िया, सचिन जांगड़ा, संदीप पाल, संजीव गोयल, मोहित गुप्ता मनीष मराठा, सुमेर रोड शिमला, जितेंदर धीमान, प्रिंस तोमर, जतिन भोरिया, शुभम व फैजान आदि उपस्थित रहे।

---

# छात्राओं ने मोरनी हिल्स का शैक्षणिक भ्रमण किया

- पहाड़ों की सुंदरता को बचाए रखने के लिए शपथ ग्रहण की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



देवीलाल कॉलेज की छात्राएं अपने टीचर्स के साथ मोरनी हिल्स का भ्रमण करते हुए।

चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह पानीपत में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन छात्राओं ने प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर पूनम देवी के नेतृत्व में मोरनी हिल्स जाकर वहां के सभ्यता, संस्कृति ,पेड़ पौधों और प्राकृतिक छटा की जानकारी ली स्वयंसेवी कामिनी टिकट ताल पर जाकर यह देखा की पर्वतों का जल और महानगरों का जल किस प्रकार भिन्न है हम अपने गांव के तालाबों को भी किसी प्रकार शुद्ध और साफ-सुथरा रख सकते हैं। पहाड़ों की सुंदरता को बचाए रखने के लिए शपथ ग्रहण की। प्रिंसिपल डॉक्टर सुमन लता ने बताया कि पर्वत,वन ,समुद्र और मरुस्थल अपने देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं अतः इनको बचाए रखने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर पूनम ने बताया कि यहां की जैव विविधता और औषधीय से किस प्रकार हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। छात्राओं ने शुद्ध और खुले प्राकृतिक वातावरण में प्राणायाम करके यह महसूस किया कि भारत एक देश नहीं अपितु विश्व का हृदय है। इस अवसर पर प्रोफेसर मीनाक्षी, प्रोफेसर मंजू ,प्रोफेसर मनीषा, अनु गुलिया अनीता भारद्वाज श्री जसमेर, रमेश मुख्य रूप से सहयोगी रहे।

---

*विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पर्यावरण क्विज का आयोजन*

# पर्यावरण को घना करना छात्रों का कर्तव्य: डॉ. शशि


पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

> विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे रोपने चाहिए और पौधों की जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में में पर्यावरण विभाग द्वारा बीकॉम एवं बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पर्यावरण क्विज का आयोजन किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि पर्यावरण को घना करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

वहीं विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे रोपने चाहिए और पौधों की जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम की संचालिका प्रो.अंजलि गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के दिमाग के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है। इस क्विज में प्रथम स्थान मनीषा बीकॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय गौरव सिंह बीसीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान सुमित बीसीए प्रथम वर्ष, सांत्वना पुरस्कार कशिश एवं विकास बीसीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

### विधि संस्थान के वार्षिकोत्सव का समापन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय लॉ फेस्ट ज्यूरिस फिएस्टा 2025 कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ के माननीय न्यायाधीश संदीप मौदगिल ने न्यायिक प्रणाली के संदर्भ में विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किया। उन्होंने अपने न्यायिक जीवन व वकालत के अनुभव न्यायालय में दायर जमानत याचिकाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व नशा और नशीली दवाइयां इस देश में सामान्य इंसान के भविष्य में कैसे विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। शराब और/या अन्य नशीली दवाओं का दुरुपयोग व्यक्तिगत और शैक्षणिक सफलता के लिए एक बड़ी बाधा हो सकती है और पूरे परिसर के वातावरण को प्रभावित कर सकती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस वार्षिक लॉ फेस्ट का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

---

*शहीदों की वजह से ही हम खुलीं हवा में सांस ले रहे*

# हरियाणवीं कलाकारों के संग क्रिकेट खेलकर शहीदों को नमन किया


पानीपत। अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ.नवीन नैन भालसी, विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

शहीदी दिवस पर जिला जीन्द के रॉयल क्रिकेट अकादमी में अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ.नवीन नैन भालसी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके हरियाणवीं गायक व कलाकारों केसाथ क्रिकेट टूर्नामेंट में शहीदों को याद करके किया नमन। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि शहीदों के बलिदान की वजह से ही आज हम खुलीं हवा में साँस ले रहे हैं। 1857 से लेकर 1947 तक भारतवर्ष को आजाद कराने में 7.5 लाख शहीद सरकार के रिकॉर्ड के डाटा के हिसाब से हुए है। प्रोग्राम के आयोजक हरियाणवीं कलाकार अमित ढुल व साहिल रेढू रहे व आज की टूर्नामेंट में हरियाणवीं कलाकार केपी कुण्डू, बिन्टू पाबड़ा, यूके हरियाणवीं, आरबी गुजर, डायरेक्टर अजीत घणघस, सिंगर साहिल सैरडा, राईटर नवीन औरंगरैया व सोनू गायनपूरिया, देवेन्द्र फौजी, दीप लाट, शमशेर वत्स कलाकार, डायरेक्टर व निर्देशक आदि टूर्नामेंट में शामिल हुए।

---

**शिविर** 450 लोगों को निशुल्क चश्में बांटे, 100 नागरिकों के दांत जांचें

# शहीदों की याद में 265 ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, रक्तदाता युवाओं का स्नेह करते हुए।

श्रीराम दशहरा कमेटी, बरसत रोड द्वारा हर्ष गार्डन में शहीदी दिवस पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत और ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल तथा ईएसआई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 265 नागरिकों ने रक्तदान किया। जबकि शहीदों को शिक्षा महिपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, मुकेश टुटेजा, प्रवीण मुंजाल, कृष्ण छोकर, चंद्र शेखर शर्मा, लोकेश नांगरू, आकाश ढांडा, सुरेंद्र परुथी, सतीश ढींगरा, सुनील दुर्गा आदि उपस्थित रहे। जबकि श्रीराम दशहरा कमेटी ने शहीदों की याद में 450 जरूरतमंद लोगों को चश्में भेंट किए। इसमें आदर्श एक विश्वास वेलफेयर डॉक्टर सोसाइटी से डॉक्टर वरुण गोगिया ने सहयोग दिया। जबकि डॉ. प्रशांत शर्मा और डॉ. ललित वर्मा ने 100 से अधिक लोगों के दांतों की जांच की। डॉ. सुनील ने जनरल चेकअप किया। डॉ. केदार बत्रा ने चेकअप किया तथा गुलशन बत्रा व उनकी टीम ने होम्योपैथिक दवाओं का वितरण किया।

**इन लोगों का स्वागत किया गया**

*इधर, श्रीराम दशहरा कमेटी प्रधान भीम सचदेवा ने नव निर्वाचित नगर निगम पार्षद अनीता परुथी, काजल शर्मा, अनिल बजाज, संजीव दहिया, मंजीत कौर, अमित नारंग, नवल जिंदल, जयदीप अरोड़ा, कोमल पांचाल तथा अन्य का स्वागत किया। वहीं, श्री राम दशहरा कमेटी का युवा विंग, श्री राम सेवा दल, पानीपत सेवा मंडल, महिला विंग श्री राम सेवा दल,जनसेवा दल ने भी सहयोग किया।*

### रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया

**पानीपत।** आर्य केंद्रीय सभा द्वारा आर्य समाज स्थापना दिवस एवं रामनवमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। वहीं, आचार्य संजय शास्त्री व आर्य सुरेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रों की आहुतियां दिलाकर वैदिक यज्ञ किया। इस अवसर पर गांव बिंझौल के सरपंच प्रदीप कुमार, भूपेंद्र आर्य, आदित्य डावर, जसबीर तंवर, डॉ. सच्चिदानंद आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आत्म आर्य, आर्य केन्द्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधान बेला भाटिया, शारदा बरेजा, आत्म बरेजा, केआर छोकर शकुंतला कांता सनेजा नवीन गाबा संजीव माखीजा कमलेश लिखा कमलेश कथूरिया आर्य वीरेंद्र आर्य संदीप आर्य भूपिंदर आर्य सुरेश कक्कड बलजीता यादव दीपिका सिंगला त्यागी संजना कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। पानीपत के गांव मांडी में शहीदों को नमन करते हुई नारी शक्ति।

## शहीदों के सपनों को साकार करे युवा वर्ग : रंजीता

**पानीपत।** सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा रविवार को गांव मांडी में में शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वहीं श्रद्धांजलि सभा में मुख्य वक्ता फाउंडेशन की अध्यक्षा कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि शहीदों को याद करना और उनका सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है और हमेशा शहीदों को सम्मान देते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस हमें शहीदों के सपनों को साकार करने, उनके आदर्शों पर चलने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देता हैं और देश के लिए अच्छा करने के लिए भी प्रेरित करता है। इस मौके पर कृष्णा, निर्मला, शकुंतला, राम प्यारी, कमला, शीला, माया , सुनीता , दर्शना, राजबाला, धनपति, ओमी भतेरी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाल अधिकार साहित्य से कवि अकेला सम्मानित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल से जुड़े कवि दिलबाग अकेला को करनाल की मन की उड़ान साहित्यिक मंच संस्था द्वारा बाल अधिकार साहित्य सम्मान -2025 से सम्मानित किया गया। डीडी बाल भवन के प्रांगण में बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था एमडीडी आफ इंडिया के सहयोग से आयोजित दसवें बाल अधिकार साहित्य सम्मान एवं राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन में दिलबाग अकेला को यह सम्मान, सम्मान समारोह के अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के पूर्व निर्देशक एवं वरिष्ठ शायर डा एसके शर्मा, मुख्य अतिथि डीएलएसए करनाल के सचिव डॉ इरम हसन, विशिष्ट अतिथि पूनम गोयल, एमडीडी आफ इंडिया के संस्थापक पीआर नाथ सहित संस्था के पदाधिकारियों के कर-कमलों से प्राप्त हुआ।

### दुर्गानाथ मंदिर से बाइक चोरी, केस दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव के दुर्गानाथ मंदिर से एक बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लजवाना कलां गांव निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को वह दुर्गा नाथ मंदिर में गया हुआ था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो मंदिर के बाहर से उसकी बाइक चोरी मिली। काफी तलाश के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव बुढ़ाखेड़ा से संदिग्ध हालत में महिला गायब

**जींद।** गांव बुढ़ाखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालत में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुड्ढाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 20 मार्च शाम को संदिग्ध हालत में गायब हो गई थी। पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव खरकबूरा में बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी

**जींद।** गांव खरकबूरा में खेतों में लगी एक ब्लॉक बनाने की बंद पड़ी फैक्टरी में से चोरों ने हॉट लोहे के गाटर चुरा लिए हैं। फैक्टरी मालिक बसाऊ की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। खरकबूरा निवासी बसाऊ ने पुलिस को देश शिकायत में बताया कि उसकी फैक्टरी फिलहाल बंद है। इसमें रात को चोरों ने आठ गाटर चोरी कर लिए।

### अवैध पिस्तौलों व दो कारतूस के साथ पकड़ा

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव शामलो कलां नहर पुल पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शामलो कलां निवासी शिवम नहर पुल पर अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवम को काबू कर लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो तीन पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### जो जंग भगत सिंह ने शुरू की उसे जारी रखने की जरूरत, भ्रष्टाचार दानव से मुक्ति मिली तो देश सौ गुना तरक्की करेगा

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के लिए एक भूख-हड़ताल महात्मा गांधी करते तो भगत आजाद हिंदुस्तान की रोशनी देख पातेः अनिल विज

भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोले श्रम मंत्री

- जो कौमें शहीदों को याद नहीं करती वो फना हो जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनके जेहन में एक बात हमेशा गूंजती है कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी उस समय देश की रहनुमाई कर रहे थे और उन्होंने कई भूख हड़ताल की, लेकिन यदि वे भगत सिंह के लिए एक भी भूख हड़ताल करते तो आजाद हिंदुस्तान की रोशनी शहीद-ए-आजम भगत सिंह भी देख पाते। विज आज अम्बाला छावनी के सिविल एसडीएम सचिवालय में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने शहीद भगत सिंह पर आधारित गीत व हिन्दुस्तान जिंदाबाद व इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए, उनके दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए, अपने दिल में उनके लिए स्थान रखना चाहिए, यहीं उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। जो जंग शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु ने शुरू की थी उसे जारी रखने की आवश्यकता है। अभी क्रांति को आगे चलाना व बढ़ाना होगा। एक दुश्मन (अंग्रेज रूपी) तो चला गया, कई दुश्मन अभी देश के अन्दर है, जिनमें भ्रष्टाचार, अक्रमन्यता, अपने दायित्वों को न निभाना, इनके खिलाफ जंग लडऩी है और ऐसे दुश्मनों को मारना है, तभी यह सच्ची श्रद्धांजलि मानी जाएगी। हमने इस क्रांति को और आगे बढ़ानाना हैं, जो रह गए है इस देश के फल फूल, समानता का अधिकार, जोकि किसी एक व्यक्ति की बौकती न बने, इसके लिए हमें आजाद होना है और भ्रष्टाचार की जननी से मुक्ति लेनी है। यदि हम ऐसा करते है तो 100 गुणा देश तरक्की करेगा।


अंबाला। शहीद की प्रतिमा को नमन करते हुए मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

#### सबको समानता का अधिकार दिलाना

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि जब देश आजाद हो उस देश के फल व फूल सब लोगों में बराबर बांटे जा सके। देश आजाद हुआ, मगर उस बगीचे से फल और फूल जो ज्यादा ताकतवर था वो ज्यादा उठाकर ले गया। हमने सबको देश में समानता का अधिकार दिलाना है। जब तक यह नहीं होगा तब तक हम व देश आजाद नहीं होगा। भ्रष्टाचार दानव से मुक्ति पा ली तो देश सौ गुणा गति से आगे बढ़ेगा।

#### शहीदों का सम्मान करें

विज ने कहा कि जो कौमे शहीदों को याद नहीं करती वह फना हो जाती हैं। हमें अपने शहीदों का मान सम्मान करना चाहिए। मैंने अपने शहर में इस बात को ध्यान में रखा, सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, लघु सचिवालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा तथा जीटी रोड अम्बाला छावनी में आजादी की पहली लड़ाई 1857 के शहीदों की याद में शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है। यह सभी प्रोजेक्ट हर वक्त देश के लिए हमें जीने के लिए प्रेरणा देंगे कि हमने जीना देश के लिए है और देश को आगे ले जाना है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन पर आधारित गीत गाकर जोश का संचार किया। उन्होंने एक बार फिर कहा कि हमें अपने शहीदों का सम्मान करते हुए दिल में उनको अलग स्थान देते हुए उनके पद-चिन्हों पर चलते हुए देश को और आगे ले जाने का काम करना हैं।

#### राजीव ने कहा था

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज सरकार द्वारा लोगों को सीधा खातों में लाभ दिया जा रहा है। पहले राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे तो उस समय विकास के लिए 100 रूपए ऊपर से भेजा जाता था, लेकिन खाते में 15 रुपए आते था। लेकिन बीजेपी में विकास के लिए जितना पैसा आता है उतना खर्च होता हैं। **ये मौजूद रहे:** इस कार्यक्रम के दौरान अम्बाला छावनी एसडीएम विनेश कुमार, आरटीए सुशील कुमार, ईओ रविन्द्र कुमार, भाजपा पदाधिकारी हर्ष बिन्द्रा, मोहित कौशिक, संजीव सोनी, किरण पाल चौहान, रवि बुद्धिराजा, बिजेन्द्र चौहान, रवि सहगल, मदन लाल शर्मा, बीएस बिन्द्रा, संजीव अत्री, परमजीत सिंह, राजीव त्यागी, दीपक भसीन, सुदर्शन सहगल मौजूद रहे।

## युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- 49वां रक्तदान शिविर बराड़ा के शिव मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को समर्पित राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट द्वारा 49 वां रक्तदान शिविर बराड़ा के शिव मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा मुख्य अतिथि की भूमिका में उपस्थित रहे जबकि महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष एकता नागपाल ने विशेष रूप से शिरक्त की। मुख्य अतिथि नेपाल सिंह राणा ने कहा कि संगठन ने रक्तदान शिविर आयोजित कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि रक्त नालियों में नहीं, नाडियों में बहना चाहिए। अस्पतालों में रक्त की अत्यधिक आवश्यकता रहती है और इस तरह के शिविर इसकी पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एकता नागपाल ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि जैसे कन्यादान को सबसे बड़ा दान माना जाता है, वैसे ही रक्तदान भी किसी की जिंदगी बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। शिविर में कुल 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिन्हें ट्रस्ट की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद गुरजिंदर कौर, विजय छाबड़ा, अमित मक्कड़, दिव्या कपूर, नरिंदर कौर, निखिल राणा, साहिल राणा, डॉ. कुलदीप शर्मा, विजय शर्मा, दविंदर शर्मा, राकेश शर्मा और अनिल राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


कैंप में रक्तदान करते हुए रक्तदानी। फोटो : हरिभूमि

## सांसद वरुण चौधरी ने शहीदों की शहादत को किया याद

शहीदी दिवस पर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

शहीदी दिवस पर अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित मुलाना में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सांसद ने शहीदी दिवस पर कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ढेरों वीरों ने बलिदान देकर अपना-अपना फर्ज अदा किया उनमें से कुछ के नाम अमर हो गए जिनमें शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे वीरों के नाम भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हैं। जब ब्रिटिश सरकार का अत्याचार बढ़ता गया, तब भगत सिंह और उनके साथियों ने अंग्रेजों को दिखा दिया कि भारतीय युवा डरते नहीं हैं। उन्होंने साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय पर हुए लाठीचार्ज का बदला लिया। उन्होंने उस समय असेम्बली में बम फेंककर इंकलाब जिंदाबाद का नारा बुलंद किया।


मुलाना। \कार्यक्रम में भाग लेते सांसद वरुण चौधरी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### उपयुक्त स्थान ढूंढने के निर्देश दिए

## विज ने शिवाजी की प्रतिमा के लिए स्वैच्छिक कोष से दिए 50 लाख रुपये

- शिवाजी महाराज की प्रतिमा वीरता का एकता का संदेश देगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए जारी किए हैं। विज ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने के लिए वह उपयुक्त स्थान का चयन करें जिसके उपरांत प्रतिमा को लगाया जाए।

नगर परिषद द्वारा अब आगामी दिनों में शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने की जाएगी। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में कैबिनेट मंत्री अनिल विज द्वारा शहीदों एवं वीर सेनानियों के सम्मान में उनकी प्रतिमाएं स्थापित करवाई गई है व स्मारक बनवाए गए हैं। उनके द्वारा शहीद-ए-आज भगत सिंह व नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा को स्थापित करवाया जा चुका है जबकि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीद स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा अम्बाला छावनी में वीरता का एकता का संदेश देगी।

## श्री गोबिंद गोशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गोपालन के महत्व पर प्रकाश डाला

- श्रद्धालुओं ने गोशाला में पहुंच कर की गो सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

श्री गोबिंद गोशाला, बराड़ा में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा समारोह का आज समापन हो गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस समापन समारोह में बराड़ा नगर पालिका के नव निर्वाचित चेयरमैन रजत मलिक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कथा वाचक बृज रसिक पंकज कृष्ण ठाकुर महाराज ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत करते हुए गाय की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा एवं पूजन से मनुष्य को पुण्य प्राप्त होता है। जिस घर में गौपालन होता है, वहां सुख-शांति बनी रहती है। जीवन-मरण से मोक्ष प्राप्त करने में भी गौमाता की विशेष भूमिका होती है। उन्होंने गौपालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंग भी सुनाए।


बराड़ा। गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में कथा श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## चोरी के छह मोबाइल सहित तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

रेलवे सुरक्षा बल की विशेष जांच टीम ने रेलवे स्टेशन अंबाला छावनी पर तीन युवकों को चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 22 मार्च 2025 की रात करीब 10:15 बजे की गई, जब जांच टीम प्लेटफॉर्म नंबर वन ए पर लुधियाना साइड पर गश्त कर रही थी। जांच टीम के अनुसार तीन युवक उन्हें देखकर अचानक तेज कदमों से पीछे मुडक़र जाने लगे जिससे संदेह होने पर टीम ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ के दौरान युवक घबरा गए और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 6 मोबाइल फोन बरामद हुए। जिनके बिल या स्वामित्व का कोई प्रमाण वे नहीं दे सके। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक सिंह (22), विकास कुमार (21) और अजय कुमार (21) के रूप में हुई है, जो सभी चंडीगढ़ के धनास क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि ये मोबाइल फोन उन्होंने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों से चोरी किए थे। वे इन मोबाइलों को बेचने की फिराक में थे, लेकिन बिल न होने के कारण इन्हें बेच नहीं पाए।

## स्वयंसेवकों ने लिया क्रिकेट का आंनद

एनएसएस अंतर-विवि 7 दिवसीय और रात्रि विशेष शिविर का छठा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

एमएमयू मुलाना में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत सुबह हार्दिक शर्मा और सूर्या प्रताप के नेतृत्व में प्रभात फेरी के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने एकता और देशभक्ति के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक मार्च किया, जिसने दिन के लिए प्रेरणादायक माहौल बनाया। प्रभात फेरी के बाद सभी प्रतिभागी नाश्ते के लिए एकत्र हुए। सुबह 9:00 बजे डॉ. आदेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. अनुज मलिक, इंजीनियर रमेश चंद, सुमन खन्ना, डॉ. सुमन गुलिया और डॉ. सिमरजीत कौर के मार्गदर्शन में खेल दिवस की शुरुआत हुई। सुबह का मुख्य आकर्षण विभिन्न टीमों के बीच क्रिकेट मैच था, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। मैच दोपहर 12:00 बजे समाप्त हुआ, जिसके बाद सभी ने अपने प्रयासों का जश्न मनाया।

दोपहर बाद नशा मुक्त भारत और देशभक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाई और नवाचार तथा टीमवर्क की भावना को बढ़ावा दिया। इसके बाद, प्रतिभागियों ने जलपान के लिए संक्षिप्त ब्रेक लिया। शाम को संकाय सदस्यों के निर्देशन में आकर्षक माइम एक्ट का आयोजन किया गया। इन प्रदर्शनों ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक विषयों पर शक्तिशाली संदेश भी दिए। दिन का समापन सामुदायिक रात्रिभोज और कैम्प के अगले दिन की योजनाओं पर चर्चा के साथ हुआ।

#### खास उत्साह रहा

एनएसएस विशेष शिविर का छठा दिन स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता और उत्साह का उदाहरण रहा। इन गतिविधियों ने न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा दिया बल्कि सामुदायिक सेवा की भावना को भी मजबूत किया। शिविर के दौरान बनी सौहार्दपूर्ण भावना निश्चित रूप से सभी प्रतिभागियों पर स्थायी प्रभाव छोड़ेगी।

## शहीदी दिवस पर गांव धीन में 45 लोगों ने किया रक्तदान

शहीद भगतसिंह युवा क्लब ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

शहीदी दिवस के अवसर पर गांव धीन स्थित गोगा माड़ी प्रांगण में शहीद भगतसिंह युवा क्लब धीन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंबाला सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह के पिता जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और शहीदों की शहादत को नमन किया। इस अवसर पर अमित सुरी, मौंटी, शेर सिंह, विकास सुरी, सतपाल सैनी, प्रवीण सैनी, राजकुमार सुरी, राजेश प्रजापत, डॉ. कुलदीप, डॉ. कृष्ण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


मुख्य अतिथि रक्तदाताओ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचे माता भ्रामरी धाम

- माता से देश, प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना

**जींद।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पहुंच कर पूजा अर्चना की। माता से देश, प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना की। मंदिर पुजारी शिव कुमार कौशिक ने कहा कि साल में दो बार नवरात्र में माता भ्रामरी धाम पर मेला लगता है। हर महीने श्रद्धालु माता की पूजा.अर्चना करने पहुंचे थे। जब पीएम नरेंद्र मोदी हिसार में चुनाव के दौरान आए थे तो माता भ्रामरी धाम का जिक्र अपने संबोधन में किया था। देश के कौने-कौने से श्रद्धालु माता की पूजा.अर्चना करने पहुंचते है। सच्चे मन से माता की पूजा.अर्चना करने पर माता मनोकामना पूर्ण करती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**आयोजन** | पी.के.आर. जैन सी.से. पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली और नई शिक्षा नीति से अवगत कराया

समावेशी शिक्षा, मूल्यांकन और कक्षा प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पी.के.आर. जैन सी.से. पब्लिक स्कूल में 22 और 23 मार्च को शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली और नई शिक्षा नीति से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ ईशा आनंद और मिसेज डिंपल कोचर ने एकीकृत शिक्षा और नैतिकता विषय पर गहन चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा शिक्षण में नवाचार, छात्रों के समग्र विकास और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। इंटरैक्टिव सत्रों और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को समावेशी शिक्षा, मूल्यांकन और कक्षा प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी दी गई।


कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकगण फोटो : हरिभूमि

#### सफलता पर प्रसन्नता जताई

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू शर्मा ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के पेशेवर विकास में सहायक होते हैं और उनके शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को सतत अधिगम की प्रक्रिया से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में 60 शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।